# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 14 चैत्र, 1934 (श०) / 03 अप्रील 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—72

| | | |
|---|---|---|
| (1) | प्राथमिक शिक्षा विभाग | 16 |
| (2) | माध्यमिक शिक्षा विभाग | 26 |
| (3) | अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग | 05 |
| (4) | परिवहन विभाग | 03 |
| (5) | पर्यावरण एवं वन विभाग | 04 |
| (6) | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | 03 |
| (7) | उच्च शिक्षा विभाग | 02 |
| (8) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | 07 |
| (9) | समाज कल्याण विभाग | 01 |
| (10) | निबंधन विभाग | 01 |
| (11) | खान एवं भूतत्व विभाग | 04 |
| | कुल योग | 72 |

भवन का निर्माण

*3158. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत आन्दर एवं दरौली प्रखण्ड के ग्राम उडियान टोला टूकड़ा नं० 1 एवं टूकड़ा नं० 2 में प्रा०वि० एवं उत्क्रमित मिडिल स्कूल का भवन का निर्माण कार्य 2007 से अपूर्ण है, यदि हां, तो क्या सरकार इस दोनों विद्यालयों के भवन का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*3159. श्री अजीत कुमार--दिनांक 12 मार्च, 2012 को स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में अंकित शीर्षक ''प्रवेश के लिए रिजल्ट जारी'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नर्सरी कक्षा में निजी विद्यालयों में प्रवेश हेतु सरकार द्वारा लॉटरी से रिजल्ट निकालने का निदेश दिया गया था, साथ ही लॉटरी निकालने से पूर्व इसकी सूचना जिला शिक्षा अधिकारी को देनी थी, लेकिन पटना के कतिपय स्कूलों यथा डानबास्को, सेंट जेवियर्स, माउंट कारमेल विद्यालय द्वारा बिना शिक्षा अधिकारी को सूचित किये ही रिजल्ट निर्गत कर दिया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

स्थानान्तरित करना

*3160. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, मुरौल अपने प्रखण्ड से लगभग 30 कि०मी० दूर मुजफ्फरपुर शहर में चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के लिए दान की 1 एकड़ जमीन मुरौल प्रखण्ड में उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को मुरौल प्रखण्ड में स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----------

स्टेडियम का निर्माण

*3161. श्री जय कुमार सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत दावथ प्रखण्ड में एक भी स्टेडियम नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि दावथ प्रखण्ड के कवाथ नगर पंचायत में स्टेडियम निर्माण हेतु उपयुक्त जमीन उपलब्ध हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दावथ प्रखण्ड के नगर पंचायत कवाथ में स्टेडियम का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्क्रमित करना

*3162. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मकेर के मध्य विद्यालय, कैतुका नन्दन के 5 कि०मी० के परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है जिसके कारण वहां के छात्रों को मैट्रिक तक शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार मध्य विद्यालय, कैतुका नन्दन को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

केन्द्र खोलना

*3163. श्री भोला राय--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत उडंखोरा प्रखण्ड के भमरेली पंचायत में वार्ड सं० 06 एवं 03 को मिलाकर आँगनबाड़ी केन्द्र संख्या 123 सृजित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों वार्डों के बीच की दूरी डेढ़ कि०मी० है तथा दोनों वार्डों के बीच लम्बी-चौड़ी नदी बहती हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो नदी के दोनों तरफ के वार्डों को मिलाकर एक साथ केन्द्र खोलने का क्या औचित्य है ?

------------

पढ़ाई की व्यवस्था करना

*3164. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, शिक्षा (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में पटना विश्वविद्यालय सहित राज्य के किसी विश्वविद्यालय में जन संचार (मास कम्यूनिकेसन) विषय में स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई की व्यवस्था नहीं है जबकि यहां के पटना कॉलेज एवं विमेंस कॉलेज पटना में बैचलर ऑफ मास कम्यूनिकेसन प्रतिष्ठा की पढ़ाई की व्यवस्था वर्ष 2005 से है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पटना विश्वविद्यालय में मास कम्यूनिकेसन/पत्रकारिता विषय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*3165. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत गुठनी लोक मान्य तिलक उच्च विद्यालय 10+2 है, इसका 7 रूम ध्वस्त है, जिस कारण छात्र एवं छात्राओं को गर्मी वर्षात में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार इस विद्यालय के भवनों का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्क्रमित करना

*3166. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिले के मढ़ौड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत अम्बेदकर आवासीय उच्च विद्यालय रामचक में मैट्रिक तक की ही शिक्षा दी जाती है, जिसके कारण अनुसूचित जराति के गरीब बच्चे 10+2 उच्चत्तर माध्यमिक की शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त आवासीय उच्च विद्यालय को 10+2 उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*3167. श्री प्रेमरंजन पटेल--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने 2009 में सभी प्रखंडों में स्टेडियम बनाने की घोषणा की थी;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा प्रखंड के पब्लिक हाई स्कूल, सूर्यगढ़ा, उच्च विद्यालय कजरा, उच्च विद्यालय घुसैठ, उच्च विद्यालय अमरपुर (मेदनी चौकी) चानन प्रखंड के उच्च विद्यालय मननपुर, महंथ स्टेडियम इटौन, पिपरीया प्रखंड के उच्च विद्यालय रामचन्द्रपुर के मैदान में अभीतक स्टेडियम का निर्माण नहीं किया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त खेल मैदानों में स्टेडियम निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

--------

पोलिटेकनिक संस्थान खोलना

*3168. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत एक भी तकनीकी शिक्षण संस्थान स्थापित नहीं है, यदि हां, तो सरकार वैशाली जिला में पोलिटेकनिक संस्थान स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

चहारदीवारी बनाना

*3169. श्रीमती उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत पालीगंज अनुमंडल मुख्यालय स्थित पालीगंज उच्च विद्यालय का पूरा चहारदीवारी ध्वस्त हो चुका है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

अतिक्रमण हटाना

*3170. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय, वीरपुर (मुरवलास्थान) के जमीन जिसका खाता नं० 154, खेसरा नं० 4523 है, उसको राम कुमार यादव, सुरेश यादव, परमेश्वर ठाकुर द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में भवन बनने के लिए राशि उपलब्ध है परन्तु अतिक्रमण के कारण भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय के अतिक्रमित भूमि को खाली कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्यालय खोलना

*3171. श्री (डॉ०) अरूण कुमार--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010 में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि राज्य के सभी जिलों में दलित एवं महादलित छात्र/छात्राओं के लिए प्रखण्ड स्तर पर एक आवासीय उच्च विद्यालय का निर्माण कराया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्णय के आलोक में सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर, सलखुआ एवं महिषी प्रखण्डों में अनुसूचित जाति एवं जन-जाति छात्र/छात्राओं के लिए आवासीय उच्च विद्यालय नहीं खोला गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, यदि तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में अनुसूचित जाति एवं जन-जाति आवासीय उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राष्ट्रीयकरण करना

*3172. श्री सोने लाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के कटोरिया प्रखंड के चरका पात्थर में होली फेमली अल्पसंख्यक मध्य विद्यालय 1695 से चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस विद्यालय को माध्यमिक स्तर तक मान्यता प्रदान करने के लिए विद्यालय का विधिवत निरीक्षण 8 मई, 2005 को प्रखंड विकास पदाधिकारी कटोरिया तथा 26 जून, 2005 को जिला शिक्षा अधीक्षक, बांका द्वारा किया गया था और सभी अर्हता पूरा करने का प्रतिवेदन दिया गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिक्षा के मौलिक अधिकार के तहत दुरुह आदिवासी क्षेत्रों में अवस्थित अल्पसंख्यक स्कूल को मान्यता प्रदान करने एवं राष्ट्रीयकरण करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

वेतन का भुगतान

*3173. श्री अजीत कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के जिला शिक्षा पदाधिकारी के अधिनस्थ कार्यरत 800 अधिकारियों व कर्मचारियों का वेतन आवंटन के अभाव में अक्तूबर, 2011 से बंद है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त कर्मियों को छः माह से वेतन नहीं मिलने के कारण परिवार आर्थिक तंगी झेल रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आवंटन देकर उक्त प्रभावित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन भुगतान करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

जाँच करना

*3174. श्री जनार्दन मांझी--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 29 फरवरी, 2012 को प्रकाशित खबर ''ठोस पदार्थ की नहीं हुई पहचान'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, खनन एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत डैम रोड में मेनका पहाड़ी पावर प्लांट के खुदाई कार्य चल रही है उस खुदाई में काले-काले पत्थर के टुकड़े निकले हैं, जिनकी पहचान कोयले के रूप में की गई है, इसकी बहुतायत भंडार है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पदार्थों का भूतत्ववेताओं से विधिवत जाँच कराने एवं समुचित खुदाई कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*3175. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार प्रखण्ड अन्तर्गत हसनपुर उच्च विद्यालय में लगभग 1150 छात्र-छात्राएँ नामांकित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त विद्यालय में 14 शिक्षकों के पद स्वीकृत हैं, जबकि मात्र 4 शिक्षक ही कार्यरत हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हसनपुर उच्च विद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों पर पदस्थापन की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*3176. श्री गजानंद शाही--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के बसंतपुर थाना के बसाँव ग्राम में अवस्थित मध्य विद्यालय उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होते हेतु सारी पात्रता को पूरा करता है;

(2) क्या यह बात सही है कि फरवरी, 2010 में ग्रामीणों के द्वारा भूमिदान किये जाने के बाद जिलाधिकारी, सीवान द्वारा उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु राज्य सरकार से अनुशंसा किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो मध्य विद्यालय, बसाँव को उच्च विद्यालय में अभीतक उत्क्रमित नहीं किये जाने का क्या औचित्य है

---------

शिक्षक की नियुक्ति

*3177. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के अन्तर्गत हलसी प्रखण्ड के शिवसोनी, कैरी सहित अन्य 10+2 विद्यालयों में सत्र 2011-12 में छात्र--छात्राओं के नामांकन +2 में लिये जा रहे हैं, परन्तु विषयवार शिक्षकों की कमी के कारण शिक्षण कार्य बाधित है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त 10+2 विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति करने का विचार कबतक रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रतिबन्ध लगाना

*3178. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में युक्यूलिपट्स का पेड़ बड़े मात्रा में रैयती एवं सरकारी भूमि में लगाया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि युक्यूलिपट्स का पेड़ 500 लीटर पानी प्रतिदिन सोखता है;

(3) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में भू-गर्भ जल का स्तर समस्तीपुर, जहानाबाद, नवादा, मधुबनी जिले में काफी नीचे चला गया है, जिससे मई-जून महीने में पीने के पानी की कमी हो जाती है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पेड़ लगाने पर कबतक प्रतिबन्ध लगाना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*3179. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरबल जिला के कलेर प्रखण्ड के बोधबीघा गाँव में हाई स्कूल नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस गाँव में छात्र-छात्राओं की संख्या अधिक है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बोधबीघा गाँव में मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक ?

---------

पंजीयन करना

*3180. श्री जनार्दन मांझी--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 अक्टूबर, 2011 को प्रकाशित ''प्रोजेक्ट की छात्राओं ने किया शिक्षकों का घेराव'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के शंभूगंज प्रखण्ड के प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में नामांकित दशवीं की छात्राओं को वर्ष 1984-85 से अबतक स्कूल कोड नहीं मिलने के कारण अपने विद्यालय के बदले दूसरे विद्यालय में पंजीयन कराया जाता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कन्या उच्च विद्यालय को स्कूल कोड देकर अपने ही विद्यालय से उक्त छात्राओं को पंजीयन कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय खोलना

*3181. श्री रामधनी सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सासाराम जिलान्तर्गत कोचस प्रखण्ड के लहेरी पंचायत के खैरी ग्राम में प्राथमिक विद्यालय नहीं है, जिसकी आबादी 500 है;

(2) क्या यह बात सही है कि खैरी गाँव के बच्चे नहर को पार कर डेबरियाँ ग्राम में पढ़ने जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त ग्राम में विद्यालय खोलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*3182. श्री (डॉ०) कृष्णनंदन यादव--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नीमचक बथानी प्रखण्ड के कमालपुर टोला मोती नगर से मुड़लिया एवं भगवहीया पहाड़ से विगत पाँच वर्षों से अवैध रूप से पत्थर एवं मोरम का कटाव हो रहा है, जिससे सरकार को प्रति वर्ष राजस्व की हानि होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नीमचक बथानी के मुड़लिया एवं भगवहीया पहाड़ी से अवैध पत्थर एवं मोरम के उठाव पर रोक लगाने एवं दोषी व्यक्तियों एवं अधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

फ्रैंकिंग मशीन लगाना

*3183. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के विभिन्न न्यायालयों में जाली स्टाम्प की बिक्री को रोकने हेतु छपे हुए न्यायिक मुद्रकों के स्थान पर फ्रैंकिंग मशीन के माध्यम से न्यायिक मुद्रांकों की बिक्री मुजफ्फरपुर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण एवं भागलपुर सहित 16 जिलों में वर्ष 2010 से प्रारंभ किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के न्यायालयों में न्यायिक मुद्रकों के स्थान पर फ्रैंकिंग मशीन का स्थापना नहीं किया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पूर्णियां जिला के न्यायालयों में फ्रैंकिंग मशीन लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शिक्षक का पदस्थापन

*3184. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के परसौनी प्रखण्ड में राजकीय मध्य विद्यालय, चुल्ली में चहारदीवारी एवं शिक्षक की कमी के कारण पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षकों की कमी एवं चहारदीवारी निर्माण के बारे में पत्रांक 86, दिनांक 2 जून, 2011 को जिला शिक्षा पदा0, सीतामढ़ी को सूचित करने के बावजूद भी आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में शिक्षक का पदस्थापन एवं चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शिक्षक का पदस्थापन

*3185. श्री रामबालक सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के दलसिंहसराय प्रखण्ड के अशोक स्मारक उच्च विद्यालय, बनधारा में छात्रों की संख्या 797 है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में शिक्षकों के 12 पद स्वीकृत है, किन्तु मात्र 5 शिक्षक ही पदस्थापित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में विषयवार शिक्षक पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन की मरम्मती

*3186. श्री प्रदीप कुमार --क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत अम्बेदकर छात्रावास वारिसलीगंज का भवन जर्जर है एवं घेराबन्दी नहीं रहने के कारण बाजार का पानी छात्रावास कैम्पस में गिरता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त छात्रावास में छात्रों का उपयोग लाने हेतु उपस्कर भी नहीं है, जिससे छात्रों को काफी परेशानी हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अम्बेदकर छात्रावास वारिसलीगंज का भवन मरम्मती तथा घेराबन्दी करवाने एवं उपस्कर का क्रय करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पूर्ण करना

*3187. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत अम्बेदकर उच्च विद्यालय, हथुआ में छात्रावास, चहारदीवारी, शौचालय एवं छात्र-छात्राओं के पढ़ने हेतु भवन का निर्माण कार्य चार वर्षों से चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत चार वर्षों के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से छात्र-छात्राओं को कठिनाई होती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्माण कार्य को इस वित्तीय वर्ष में पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

योजना चालू करना

*3188. श्री राम लषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखण्ड के राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय, सुगापट्टी में 2 (दो) वर्षों से मध्यान भोजन योजना तथा मुख्य मंत्री पोशाक योजना बन्द पड़ी है, यदि हां, तो सरकार मध्यान भोजन एवं मुख्य मंत्री पोशाक योजना चालू करना चाहती है ?

----------

उत्क्रमित करना

*3189. श्री अशोक कुमार यादव --क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत केवटी प्रखण्ड के बाढ़ पोखर पंचायत लालगंज मध्य विद्यालय के आस-पास कोई भी उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाढ़ पोखर पंचायत लालगंज मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

प्रदूषण से मुक्ति

'क'*3190. श्रीमती गुड्डी देवी --क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा चीनी मिल द्वारा विगत 10 वर्षों से प्रदूषित पानी मनुषमारा नदी में छोड़ा जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि रीगा चीनी मिल में प्रदूषित पानी छोड़ने के कारण नदी का जल प्रदूषण हो रहा है एवं नदी में मछली एवं अन्य जीव-जन्तु का जीवन संकट में पड़ा हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रीगा चीनी मिल द्वारा प्रदूषित जल् मनुषमारा नदी में छोड़ने का क्या औचित्य है ?

---

नोट--'क' गन्ना उद्योग विभाग के पत्रांक 505, दिनांक 7 मार्च, 2012 के द्वारा पर्यावरण एवं वन विभाग में स्थानांतरित ।

विश्वविद्यालय की स्थापना

*3191. श्री अवनीश कुमार सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा पंद्रह वर्ष पूर्व निर्णय लिया गया था कि महात्मा गाँधी के विचारों एवं दर्शन की पढ़ाई तथा शोध हेतु बिहार में महात्मा गाँधी की कर्म भूमि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी में महात्मा गाँधी विश्वविद्यालय की स्थापना की जायेगी, परन्तु आजतक उक्त विश्वविद्यालय की स्थापना नहीं की गयी, यदि हां, तो सरकार कबतक महात्मा गाँधी विश्वविद्यालय की स्थापना मोतिहारी में करने का विचार रखती है ?

---

स्टेडियम की मरम्मती

*3192. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी मुख्यालय में स्पोर्ट्स क्लब में इंडोर स्टेडियम जर्जर है, यदि हां, तो इंडोर स्टेडियम की मरम्मत करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मरम्मती कराना

*3193. श्री रामसेवक सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अन्तर्गत हथुआ विधान-सभा के प्रखंड उचकागाँव के ग्राम पंचायत राज बलेसरा के ग्राम बालाहाता में राम स्नेही पुस्तकालय का भवन मरम्मत के अभाव में जीर्ण-शीर्ण हो गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त पुस्तकालय की, घेराबंदी कराते हुए मरम्मत कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पौधशाला लगाना

*3194. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर एवं पानापुर प्रखण्डों में एक भी सरकारी पौधशाला नहीं है, जिससे आम नागरिकों को दूसरे प्रखण्डों से पौधा लाकर वृक्षारोपण करना पड़ता है, जिससे इन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसुआपुर एवं पानापुर प्रखण्डों में पौधशाला लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*3195. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत नगर परिषद् क्षेत्र में के०आर०के० उच्च विद्यालय अवस्थित है और दो वर्षों से उक्त विद्यालय मॉडल विद्यालय के रूप में घोषित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में छात्र संख्या 1200 है और शिक्षकों की संख्या मात्र 9 रह गयी है, जबकि वहां 23 शिक्षकों का पद रिक्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मूलभूत सुविधा प्रदान कर उक्त विद्यालय को मॉडल विद्यालय के रूप में पूर्णरूपेण विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो, क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*3196. श्री अवनीश कुमार—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गंगा नदी को वर्ष 2010 में राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया है और इसे प्रदूषणमुक्त कराया जाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि यू०बी० ग्रुप (मेकडॉवेल कं०लि०) हाथीदह (मोकामा) पटना द्वारा गंगा नदी में प्रत्येक दिन 1 लाख गैलन से अधिक प्रदूषित पानी गिराया जा रहा है;

(3) क्या यह बात सही है कि इस कम्पनी में लगाया गया ट्रीटमेंट प्लांट विगत तीन वर्षों से काम नहीं कर रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पवित्र गंगा नदी को प्रदूषित करने वाली उक्त कम्पनी पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

भवन का निर्माण

*3197. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी प्रखंड के ध्रुव लखौरा पंचायत के बीचला टोला प्राथमिक विद्यालय वर्ष 2004-05 से बहुअरी पंचायत के बहुअरी मध्य विद्यालय वर्ष 2008-09 से एवं झिटकहिया प्राथमिक विद्यालय वर्ष 2009-10 से निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ किन्तु भवन अधूरा अवस्था में आजतक पड़ा हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अधूरे भवन का गुणवत्ता सहित निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रारंभ करना

*3198. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखंड के मैनावनी सुखदेव उच्च विद्यालय, नौवडीहाँ स्थापना अनुमति प्राप्त विद्यालयों में से एक है, जो भवनविहीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2008-09 में उत्तीर्ण छात्रों के संख्या के आधार पर विद्यालय प्रबंध समिति को अनुदान की राशि भी सरकार से प्राप्त हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थापना अनुमति प्राप्त विद्यालय नवडीहाँ का भवन एवं चाहारदीवारी निर्माण कराकर 10+2 की पढ़ाई प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

शिक्षकों का पदस्थापन

*3199. मो० आफाक आलम—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत के० नगर प्रखंड के बैद्यनाथ उच्च विद्यालय में 400 से अधिक छात्र एवं छात्राएँ पठन-पाठन कर रहे हैं, लेकिन अनुमानित रूप से वर्तमान में 10 शिक्षक कार्यरत हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त विद्यालय के रिक्त पदों पर शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो ?

---

विद्यालय निर्माण कराना

*3200. श्री ललन राम—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड नवीनगर ग्राम बेनी बरियावाँ में बालिका उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि बेनी बरियावाँ में खाता सं० 105, खेसरा नं० 64 कुल रकबा 2.79 डी० सरकारी जमीन उपलब्ध है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान से 15 कि०मी० तक कोई बालिका उच्च विद्यालय नहीं है जिससे बालिकाओं को पठन-पाठन में असुविधा होती है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर बालिका उच्च विद्यालय बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

*3201. श्री अखतरूल इस्लाम शाहिन—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित सभी उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में छात्र के अनुपात में विषयवार शिक्षक नहीं है, जिससे शिक्षण कार्य बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*3202. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह—क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड के द्वारा अपर निदेशक, खान के विरुद्ध पत्र सं० 326/एम०सी०, रांची, दिनांक 23 जून, 2005 के द्वारा इम्परसोनेशन एवं जालसाजी के संबंध में आयुक्त एवं सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना को सूचित किया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अपर निदेशक के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बस पड़ाव बनाना

*3203. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी अनुमंडल मुख्यालय में बस पड़ाव नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि गोगरी अनुमंडल से सैकड़ों लोग खगड़िया तथा पटना सहित विभिन्न जिलों में यात्रा

करते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर शीघ्र ही बस पड़ाव की स्थापना करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पढ़ाई प्रारंभ कराना

*3204. श्री जितेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैद्यिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावा प्रखंड मुख्यालय में पोलिटेकनिक भवन का निर्माण कार्य अपूर्ण रहने के कारण पढ़ाई प्रारम्भ नहीं की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि किसी भी संस्था के भवन के निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने की अवधि में अन्यत्र स्थान पर पढ़ाई शुरू करने की वैकल्पिक व्यवस्था कराने का सरकारी प्रावधान है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं के हित में सरकारी प्रावधान के तहत पोलिटेकनिक शिक्षा हेतु कोर्स की पढ़ाई किसी अन्य संस्थान में प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भुगतान करना

*3205. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले में प्राथमिक शिक्षकों के वेतन का भुगतान राशि के अभाव में पिछले पाँच वर्ष से नहीं किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) गोपालगंज ने अपने पत्रांक 710, दिनांक 9 सितम्बर, 2011 द्वारा निर्देशक प्राथमिक शिक्षा, बिहार, पटना को पत्र लिख कर गोपालगंज जिले के लिये कुल अठाईस करोड़ चौबीस लाख सोलह हजार नौ सौ रुपये की अतिरिक्त राशि की मांग की है, जो अभी तक अप्राप्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मांग के अनुरूप राशि उपलब्ध कराकर शिक्षकों के बकाये का भुगतान का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*3206. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अहमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत अमदाबाद में इन्द्रावती उच्च विद्यालय में 1600 विद्यार्थी अध्ययनरत है किन्तु विद्यालय का भवन जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में भवन निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*3207. श्री राहुल कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के घोसी प्रखंड के अलीगंज हाईस्कूल, सोनवां हाईस्कूल, हुलासगंज प्रखंड के हुलासगंज हाईस्कूल, वौरी हाईस्कूल तथा मोदनगंज प्रखंड के पितम्बरपुर हाईस्कूल, बंधुगंज हाईस्कूल एवं काको प्रखंड के पाली हाईस्कूल, कन्या उच्च विद्यालय, काको में चहारदीवारी नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालयों में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*3208. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबारावाँ प्रखण्ड में स्टेडियम नहीं है जिसके कारण खिलाड़ीगण अपने को उपेक्षित महसूस करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरदार पटेल इन्टर विद्यालय कोनन्दपुर के खेल का मैदान में स्टेडियम का निर्माण करने हेतु जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरदार पटेल इन्टर विद्यालय कोनन्दपुर के खेल का मैदान में स्टेडियम का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि वितरण करना

*3209. श्री भूमेन्द्र नारायण सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में नवम वर्ग के छात्र/छात्राओं को साईकिल देने का निर्णय वर्ष 2007 में लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के सिसवन प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, रामगढ़ में विगत दो वर्षों से साईकिल या साईकिल खरीदने की राशि छात्र/छात्राओं को नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार साईकिल की राशि वितरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*3210. श्री अंबिका सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखंड में उच्च विद्यालय छाँवों में चहारदीवारी नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दरवाजा लगाना

*3211 श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के परसौनी प्रखंड के दांगर में एक ही कैम्पस में कस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय एवं म०वि० स्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों विद्यालय का मेन दरवाजा एक ही है जिसमें गेट नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का मेन गेट पर दरवाजा लगाने का विचार रखती है ?

स्टेडियम का निर्माण

*3212. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर एवं बारून प्रखंड में उच्च विद्यालय नबीनगर, उच्च विद्यालय सिरीस में स्टेडियम नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त विद्यालयों में स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बसों का परिचालन

*3213. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर कजरैली अमरपुर पथ पर राज्य परिवहन निगम की कोई बस नहीं चलती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मार्ग पर परिवहन निगम के बसों का परिचालन करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय खोलना

*3214. श्री संतोष कुमार--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी विधान-सभा क्षेत्र में एक भी अनुसूचित जाति/जन-जाति आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास नहीं है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विधान-सभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति/ जन-जाति आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई करना

*3215. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत सम्पूर्ण बालू घाटों की बंदोबस्ती पंचाग वर्ष 2010 के लिए ब्राड-सन कमोडिटी प्राईवेट लिमिटेड नामक संस्थान के साथ की गयी है एवं इन्हें साधारण बालू के उत्खनन की अनुमति दी गयी, परन्तु इसके एजेंटों द्वारा अवैध रूप से मिट्टी के उत्खनन किए जाने पर भी प्रति टैक्टर 200 की वसूली की जा रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त एजेंसी सहित विभागीय पदाधिकारी के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

संग्रहालय का निर्माण

*3216. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के दलसिंहसराय प्रखंड के पांड़ पांडव स्थान के खुदाई में कौर्य कालीन अवशेष प्राप्त हुए हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर संग्रहालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन निर्माण करना

*3217. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के ग्राम मसदपुर में स्थापित शांति पुस्तकालय का भवन बहुत पुराना एवं जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार मसदपुर में स्थापित शांति पुस्तकालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम का निर्माण

*3218. श्री अशोक कुमार यादव--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सिंघवारा प्रखंडान्तर्गत ग्राम हरिहरपुर एवं केवटी प्रखंड के ग्राम लहवार में क्रीड़ा मैदान है, लेकिन स्टेडियम नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भूमि का प्रबंध

*3219. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंडान्तर्गत अमदाबाद में कन्या प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय को जमीन नहीं है, जिससे पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उस विद्यालय में भवन निर्माण के लिए भूमि प्रबंध का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*3220. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखंड में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बलरा, हसनपुर एवं मूंजा बखुरी स्थापित है, विद्यालय में छात्र-छात्रा की संख्या क्रमशः 1200 (बारह सौ) एवं एक हजार है उक्त विद्यालय के आस-पास 8 कि०मी० की दूरी पर एक भी उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*3221. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मुरौल प्रखंड स्थित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के परिसर/भवन में लक्ष्मीबाई बालिका आवासीय विद्यालय के साथ-साथ शिक्षकों का ट्रेनिंग सेंटर चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रशिक्षण संस्थान (डायट)के पूर्वी और दक्षिणी भाग का चहारदीवारी टूट जाने की वजह से अबतक संस्थान के चापाकल, खिड़की, दरवाजा को नुकसान पहुँचाया जा चुका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रशिक्षण संस्थान (डायट) भवन के टूटे हुए चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शिक्षक का पदस्थापन

*3222. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नानपुर प्रखंड के बतरा मध्य विद्यालय को वर्ष 2011 में उत्क्रमित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय में गणित विषय के दो, विज्ञान विषय के दो एवं सामाज विज्ञान के एक शिक्षक का पद रिक्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रिक्त पदों पर शिक्षक का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

छात्रावास खोलना

*3223. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत रूपौली विधान-सभा क्षेत्र के उच्च विद्यालय, भौआ परवल, बलदेव उच्च विद्यालय, भवानीपुर के अल्पसंख्यक छात्रावास नहीं, हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में अल्पसंख्यक छात्रावास खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय खोलना

*3224. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखंडान्तर्गत काराकाट में मदरसा विद्यालय नहीं होने के कारण अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को पठन-पाठन में कठिनाइयाँ होती है, यदि हां, तो क्या सरकार कराकाट में अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों के लिए मदरसा विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*3225. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार नगर स्थित चंदुलाल राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, नगरपालिका मध्य विद्यालय, बनियां टोला एवं कन्या मध्य विद्यालय, ललियाही के पुराने एवं जर्जर भवन में पठन-पाठन का कार्य चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों का भवन जर्जर एवं कमरों की कमी के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुराने जर्जर भवनों को तोड़कर सर्व शिक्षा अभियान अन्तर्गत छात्रों की संख्या के मानक अनुपात में नया भवन निर्माण कराने का विचार वित्तीय वर्ष में रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

मैदान सुदृढ़ बनाना

*3226. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना अवस्थित मिलर हाई स्कूल के मैदान के चहारदीवारी पूर्णतः जर्जर है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त मैदान को सुदृढ़ बनाकर जनोपयोगी बनाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बस सेवा चालू करना

*3227. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत पूर्णियां से भाया रूपौली महनपुर बाजार तक सरकारी वाहन नहीं चलने से आम जनता को यातायात में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पूर्णियां से भाया रूपौली महनपुर बाजार मार्ग पर बस सेवा चालू करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य पूर्ण कराना

*3228. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावां विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत कस्तूरबा विद्यालय के भवन निर्माण का कार्य चारो प्रखण्डों यथा अस्थावां, बिन्द, सरमेरा एवं कटरी के शिक्षा पदाधिकारियों द्वारा वर्ष 2006-07 से किया जा रहा है, जिसे वर्ष 2008-09 में पूरा किया जाना था, लेकिन अभीतक अपूर्ण है, यदि हां, तो क्या सरकार कस्तूरबा भवन के निर्माण निर्धारित समय में पूरा नहीं करने वाले दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए उक्त निर्माण कार्य को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

छात्रावास बनाना

*3229. श्री कृष्णनंदन यादव--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गया अभियंत्रण कॉलेज, गया में सभी छात्रों के रहने के लिए छात्रावास नहीं है, जिससे उनलोगों को आने-जाने तथा अध्ययन करने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गया अभियंत्रण कॉलेज, गया के प्रांगण में सभी छात्रों के रहने के लिए छात्रावास बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना :
दिनांक 3 अप्रैल, 2012 (ई०) ।

लक्ष्मीकान्त झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 170--डी०टी०पी०--450